दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने दरभंगा के शोभन में बिहार के दूसरे एम्स की आधारशिला रखी। बारह अरब साठ करोड़ रुपये की लागत से तीन वर्षों में निर्माण पूरा करने का है लक्ष्य।

03. राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए बावन दशमलव आठ–तीन प्रतिशत मतदान। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को।

04. और, सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरु। चौदह दिसम्बर तक चलने वाले मेले में पर्यटकों के लिए किये गये हैं व्यापक प्रबंध।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दरभंगा में बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए दरभंगा के शोभन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स की आधारशिला रखी। पटना एम्स के बाद यह बिहार का दूसरा एम्स होगा। इसका निर्माण बारह अरब साठ करोड़ रुपये की लागत से अगले तीन वर्षों में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दरभंगा में एम्स का निर्माण होने से स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि सरकार समेकित दृष्किोण के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूल परिवर्तन लाने के लिए काम कर रही है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देशभर में लगभग दो दर्जन एम्स हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देशभर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गयी है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने अब अंग्रेजी के अलावा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी मेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू की है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को सुविधा होगी।

———बाईट———

श्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना से अब तक देशभर के चार करोड़ से अधिक गरीब लोगों का इलाज हुआ है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने बिहार में आंख की बीमारियों के इलाज के लिए शंकर नेत्रालय की शाखा खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि दी।

———बाईट———

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व रूप से सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स के निर्माण होने से इस क्षेत्र की लोगों की एक पुरानी मांग पूरी हुई है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, नित्यानंद राय और राजभूषण चौधरी निषाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री ने अड़सठ अरब लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा श्री मोदी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में चालीस अरब बीस करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की भी आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया, उसमें झंझारपुर –लौकहा बाजार रेलखंड, दरभंगा बाईपास रेल लाईन, कुमारबाग–चनपटिया–साठी रेल लाईन का दोहरीकरण, हरिनगर–भैरोगंज रेल लाईन का दोहरीकरण, बिदुपुर और सेमरिया आरओबी तथा कुरौता पतनेर–मनकठा सरफेस ट्राईयंगल परियोजना शामिल हैं। उन्होंने औरंगाबाद जिले में सोननगर बाईपास रेल लाईन का भी शिलान्यास किया। श्री मोदी ने झंझारपुर–लौकहा बाजार रेलखंड पर मेमू ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा श्री मोदी ने बंधुगंज पुल और बख्तियारपुर फ्लाई ओवर का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने फोर लेन

गलगलिया–बहादुरगंज राष्ट्रीय राजमार्ग तथा बहादुरगंज–अररिया राष्ट्रीय राजमार्ग के एक–एक खंड का भी उद्घाटन किया। श्री मोदी ने टू लेन रामनगर–रोसड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग, टू लेन कटोरिया–लखपुरा–बांका और पंजवारा बाईपास, टू लेन अमदाबाद–मनिहारी राष्ट्रीय राजमार्ग तथा टू लेन हाजीपुर–महनार राष्ट्रीय राजमार्ग का शिलान्यास किया। इसके अलावा श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी चार अन्य परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने बरौनी में नई बिटुमिन इकाई की स्थापना तथा दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने दरभंगा से देश भर में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अठारह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का भी उद्घाटन किया गया। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

———————————————————————

दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने कहा है कि दरभंगा में एम्स का निर्माण होने से मिथिला के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने एम्स के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

–––बाईट–––

———————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल बावन दशमलव आठ–तीन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में छप्पन दशमलव दो–एक प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, रामगढ में चौवन दशमलव शून्य–दो, इमामगंज में इक्यावन दशमलव शून्य–एक और तरारी विधानसभा क्षेत्र में पचास दशमलव एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में शून्य दशमलव तीन–एक प्रतिशत कम है। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि चारों विधानसभा सीटों पर कुल अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए अड़तीस उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। इंडिया गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। पिछली बार तरारी, रामगढ़ और बेलागंज की सीटों पर सीपीआई माले और राष्ट्रीय जनता दल ने कब्जा जमाया था। वहीं गया जिले की इमामगंज सीट पर हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी को जीत हासिल हुई थी। रामगढ़ से अजीत कुमार सिंह, इमामगंज से दीपा कुमारी, तरारी से राजू यादव और विशाल प्रशांत इस उपचुनाव में प्रमुख उम्मीदवार हैं। अभिषेक दास, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उप चुनाव के लिए आज राजद के गोपी किशन ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। गौरतलब है कि उप चुनाव के लिए एनडीए की ओर से जदयू के अभिषेक झा पहले ही नामांकन पत्र भर चुके हैं।

————————————————————————————

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हरेक रेलगाड़ी में चार–चार जनरल कोच लगाये जायेंगे। आज समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि दिसंबर तक सभी गाड़ियों में अतिरिक्त जनरल कोच लगा दिया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

पूर्वोदय राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आन्ध्र प्रदेश के विकास के लिए आज नीति आयोग के सदस्य रमेशचंद की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की एक बैठक हुई। बैठक में प्लान पूर्वोदय का प्रारूप तैयार करने पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और योजना तथा विकास विभाग के सचिव के. सेंथिल कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

————————————————————————————

औरंगाबाद स्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत यहां आठ–आठ सौ मेगावाट की तीन और इकाईयों की स्थापना होगी। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि परियोजना का विस्तार होने से इस प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़कर चार हजार तीन सौ अस्सी मेगावाट हो जाएगी और यह देश की दूसरी सबसे बड़ी बिजली परियोजना होगी।

————————————————————————————

सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरु हो गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन किया। यह मेला चौदह दिसम्बर तक चलेगा। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

सोनपुर मेले में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने व्यापक तैयारियां की है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से मेला क्षेत्र में पर्यटक ग्राम बनाया गया है। जिसमें विदेशी मेहमानों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छह स्विस कॉटेज बनाये गये हैं। इसके अलावा मेले में सांस्कृतिक पंडाल विकसित किये गये हैं, जहां देश के नामचीन

कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मेला क्षेत्र में अस्थाई पर्यटक सूचना केंद्र भी बनाया गया है। यहां सैलानियों की सहायता के लिए गाईड तैनात किये गये हैं, जो लोगों को मेले के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे। मेले के मुख्य आकर्षण का केंद्र पशु बाजार हैं, जहां देश के विभिन्न कोनों से पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंचे हैं। इधर, जिला प्रशासन की ओर से मेले में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सोनपुर से पवन कुमार सिंह।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने दरभंगा के शोभन में बिहार के दूसरे एम्स की आधारशिला रखी। बारह अरब साठ करोड़ रुपये की लागत से तीन वर्षों में निर्माण पूरा करने का है लक्ष्य।

03. राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए बावन दशमलव आठ–तीन प्रतिशत मतदान। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को।

04. और, सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरु। चौदह दिसम्बर तक चलने वाले मेले में पर्यटकों के लिए किये गये हैं व्यापक प्रबंध।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।